(1) Q P Code 57417

# उत्तर कुंजी

**प्रश्न क्र.** **उत्तर**

## प्रश्न 1 निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए:— 20

क कवि का नामः रामधारी सिंह दिनकर, कविता का नामः गीत—अगीत, पुस्तक का नामः आधुनिक हिंदी काव्य प्रवाह।

अथवा

कवि का नामः दुष्यंत कुमार, कविता का नामः गजल, पुस्तक का नामः आधुनिक हिंदी काव्य प्रवाह।

ख लेखक का नामः गोपाल प्रसाद व्यास, पाठ का नामः ठंडः आजादीः समाजवाद, पुस्तक का नामः हिंदी हास्य व्यंग्य।

अथवा

लेखक का नामः हरिशंकर परसाई, पाठ का नामः सुदामा के चावल, पुस्तक का नामः हिंदी हास्य व्यंग्य।

## प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक—एक वाक्य में दीजिए :— 10

1 साँझ के समय आल्हा कौन गाता है ?

उत्तर साँझ के समय आल्हा प्रेमी गाता है ।

2 मुनासिब कार्यवाही कविता किस कवि की रचना है ?

उत्तर मुनासिब कार्यवाही कविता कवि धूमिल की रचना है ।

3 कवि नागार्जुन किससे सच बतलाने को कह रहे हैं ?

उत्तर कवि नागार्जुन कालिदास से सच बतलाने को कह रहे हैं।

4 टूटे तारों पर कौन शोर नहीं मचाता है ?

उत्तर टूटे तारों पर अंबर शोर नहीं मचाता है।

5 आम की सूखी डाली पर अब कौन नहीं आता?

उत्तर आम की सूखी डाली पर अब पिक या शिखी नहीं आते ।

6 मेजर डगलस ने जहाँगीरी अंडा कितने में खरीदा था ?

उत्तर मेजर डगलस ने जहाँगीरी अंडा तीन सौ रुपये में खरीदा था ।

7 सुदामा की पत्नी ने कृष्ण के लिए क्या उपहार भेजा था ?

उत्तर सुदामा की पत्नी ने कृष्ण के लिए उपहार के रूप में चावल भेजे थे।

8 अंग्रेज ने अपना तंबू कहाँ लगाया ?

उत्तर अंग्रेज ने अपना तंबू कलकता में लगाया ।

9 नये साल की तुलना किस पक्षी से की गई है?

उत्तर नये साल की तुलना फीनिक्स पक्षी से की गई है।

10 गाड़ी किसके पाँव की तरह अपनी जगह टिकी हुई थी ?

उत्तर गाड़ी अंगद के पाँव की तरह अपनी जगह टिकी हुई थी।

## प्रश्न 6 अ सूचनानुसार परिवर्तन कीजिए:— 10

### अ 1 वाक्य परिवर्तन कीजिए । (कोई दो)

क सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा । (सामान्य वाक्य) 2

उत्तर सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा ।

ख मैं उससे बड़ा नहीं हूँ। (विधि वाक्य)

उत्तर वह मुझसे बड़ा है।

ग पढने वाले बच्चे हमेशा सफल होते हैं। (निषेधार्थक वाक्य)

उत्तर पढने वाले बच्चे कभी असफल नहीं होते हैं।

घ यह फूल अति सुंदर है। (विस्मयादिबोधक वाक्य)

उत्तर वाह! कितना विशाल भवन है।

### आ 2 काल परिवर्तन कीजिए । (कोई दो) 2

क साकेत खाना खाएगा। (सामान्य वर्तमानकाल)

उत्तर साकेत खाना खाता है।

ख संदीप मैदान में खेलता है। (अपूर्ण भूतकाल)

उत्तर संदीप मैदान में खेल रहा था।

ग राम बाजार जाता है। (पूर्ण वर्तमानकाल)

उत्तर राम बाजार गया है।

घ कल गौतम आया था। (सामान्य भविष्यकाल)

उत्तर कल गौतम आएगा।

### इ 3 वाक्य शुद्ध कीजिए । (कोई दो) 2

क एक बिस्कुट का पैकेट दीजिए।

उत्तर बिस्कुट का एक पैकेट दीजिए।

ख मैं नावों पर सवार था।

उत्तर मैं नाव पर सवार था।

ग उसका प्राण सूख गया।

(03)

उत्तर उसके प्राण सूख गए।

घ खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

उत्तर गाजर काटकर खरगोश को खिलाओ।

6 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए। (कोई दो) 2

1 कृप्या 2 कार्यकर्म 3 नरायन 4 राश्ट्र

उत्तर 1 कृपया 2 कार्यक्रम 3 नारायण 4 राष्ट्र

7 निम्नलिखित मुहावरों एवं कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्यों मे प्रयोग कीजिए। 2 (कोई दो)

क अंधे की लाठी

उत्तर एकमात्र सहारा।
वाक्य प्रयोग–श्रवण तो अपने माता–पिता के लिए अंधे की लाठी था।

ख दौड़धूप करना

उत्तर कड़ी मेहनत करना।
वाक्य प्रयोग–आजकल नौकरी पाने के लिए बहुत दौड़धूप करनी पड़ती है।

ग सौ सुनार की एक लुहार की

उत्तर कमजोर के सैकड़ों प्रहारों का मुकाबला बलवान केवल एक प्रहार से कर लेता है।
वाक्य प्रयोग–देखो तुम सदा मुझे तंग करते रहते हो समझ रखो, सौ सुनार की एक लुहार की होती है। किसी दिन इतना पीटूँगा कि तुम्हें नानी याद आ जाएगी।

घ मान न मान, मैं तेरा मेहमान

उत्तर जबरदस्ती किसी का अतिथि बनना।
वाक्य प्रयोग–मान न मान, मैं तेरा मेहमान इस कहावत के अनुसार देवेश ने बिना जान पहचान के ही हमारे यहाँ दस दिन से डेरा जमा रखा है।